**भारत सरकार**
**श्रम और रोजगार मंत्रालय**
**लोक सभा**
**तारांकित प्रश्न संख्या 84**
**सोमवार, 02 दिसंबर, 2024 / 11 अग्रहायण, 1946 (शक)**

**वेल्लोर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में ईएसआई औषधालयों का उन्नयन**

***84. श्री डी. एम. कथीर आनंद:**

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने वेल्लोर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में वानियामबाडी, अंबूर, वेल्लोर, गुडियत्तम और पेरनमबट में ईएसआई औषधालयों के उन्नयन की पहल की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है, यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ख) पिछले पाँच वर्षों के दौरान उक्त ईएसआई औषधालयों को आवंटित धनराशि का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार की ईएसआईसी के तहत बीमित लाखों श्रमिकों की जरूरतों को पूरा करने के लिए वेल्लोर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में ईएसआईसी अस्पताल और चिकित्सा महाविद्यालय स्थापित करने की कोई योजना है; और

(घ) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

**श्रम और रोजगार मंत्री**
**(डॉ. मनसुख मांडविया)**

(क) से (घ): एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

**

*****

**"वेल्लोर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में ईएसआई औषधालयों का उन्नयन" के संबंध में श्री डी. एम. कथीर आनंद द्वारा दिनांक 02.12.2024 को पूछे गए लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या 84 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में संदर्भित विवरण।**

(क) से (घ): वानियामबाडी, अंबूर, वेल्लोर, गुडियत्तम और पेरनमबट में कर्मचारी राज्य बीमा (ईएसआई) औषधालय, ईएसआई योजना (ईएसआईएस) के अंतर्गत राज्य सरकार द्वारा चलाए जाते हैं। वर्ष 2019-20 से 2023-24 के दौरान राज्य सरकार द्वारा इन ईएसआई औषधालयों को आवंटित निधि का ब्यौरा अनुबंध में दिया गया है।

ईएसआई निगम ने तमिलनाडु के वेल्लोर संसदीय क्षेत्र के तिरुपतूर जिले के वानियामबाडी में 100 बिस्तरों वाले ईएसआई अस्पताल की स्थापित करने के लिए सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है। तथापि, ईएसआई निगम को तमिलनाडु राज्य सरकार से वानियामबाडी, अंबूर, वेल्लोर, गुडियत्तम और पेरनमबट में औषधालयों के उन्नयन के लिए कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

**अनुबंध**

**"वेल्लोर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में ईएसआई औषधालयों का उन्नयन" के संबंध में श्री डी. एम. कथीर आनंद द्वारा दिनांक 02.12.2024 को पूछे गए लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या 84 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध।**

**वर्ष 2019-20 से 2023-24 के दौरान वानियामबाडी, अंबूर, वेल्लोर, गुडियत्तम और पेरनमबट में इन ईएसआई औषधालयों को आवंटित निधि का ब्यौरा**

| वर्ष/ औषधालय | अंबूर | वानियामबाडी | पेरनमबट | गुडियत्तम | वेल्लोर |
|---|---|---|---|---|---|
| **2019-2020** | 57,38,338 | 63,42,849 | 15,83,500 | 71,40,973 | 96,63,700 |
| **2020-2021** | 59,40,889 | 70,10,752 | 31,71,500 | 71,14,880 | 1,05,28,458 |
| **2021-2022** | 69,24,815 | 64,84,035 | 27,45,556 | 78,27,276 | 1,14,25,899 |
| **2022-2023** | 1,07,78,225 | 1,08,63,816 | 33,46,191 | 74,14,728 | 1,36,06,884 |
| **2023-2024** | 1,49,07,699 | 1,52,79,834 | 33,17,102 | 77,56,524 | 1,98,99,361 |

स्रोत: निदेशक बीमा चिकित्सा सेवाएं (डीआईएमएस), तमिलनाडु

*****